अमर उजाला 16/10/2025

यूथ फेस्टिवल में दिखी हरियाणा की समृद्ध लोक संस्कृति की झलक

यूथ फेस्टिवल में लोकनृत्य और समूह गीत की प्रस्तुतियों से प्रतिभागियों ने लोगों का मन मोहा

संवाद न्यूज एजेंसी

अंबाला सिटी। एसए जैन कॉलेज में आयोजित 48वें जोनल यूथ फेस्टिवल का दूसरा दिन रहा। कार्यक्रम के दौरान कॉलेज के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, नृत्य, गीत, नाटक और लोककला के माध्यम से हरियाणा की समृद्ध संस्कृति की झलक पेश की। इन प्रस्तुतियों ने उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार और पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल की व्यस्तता के कारण मुख्यातिथि के रूप में भाजपा नेता रितेश गोयल ने शिरकत की, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में महेश कुमार जैन मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर और नवकार मंत्र के साथ किया गया। कॉलेज प्रबंधन की ओर से मुख्य अतिथि और वशिष्ठ अतिथि को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया।

रितेश गोयल ने कहा कि युवा ही देश की असली ताकत हैं और राष्ट्र की प्रगति में उनका योगदान सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि आज का युवा यदि अपने लक्ष्य को पहचान ले और दृढ़ निश्चय के साथ आगे बढ़े तो कोई भी बाधा उसके मार्ग में नहीं टिक सकती। इस दौरान रितेश गोयल ने पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार व पूर्व मंत्री असीम गोयल के निर्देशानुसार कॉलेज के विकास के लिए मंत्री कृष्ण लाल पंवार की ओर से 7 लाख रुपये की राशि कॉलेज को देने की घोषणा की।

एसए जैन कॉलेज में आयोजित यूथ फेस्टिवल में प्रस्तुति देते विद्यार्थी। संवाद

इस दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के तहत क्लासिकल वोकल सोलो में जीएमएन कॉलेज अंबाला कैंट प्रथम, राजकीय महाविद्यालय सेक्टर-1 पंचकूला द्वितीय रहे। क्लासिकल इंस्ट्रूमेंट सोलो प्रर्कष्ण में जीएमएन कॉलेज अंबाला कैंट प्रथम, एसडी कॉलेज अंबाला कैंट द्वितीय रहा। क्लासिकल इंस्ट्रूमेंट सोलो नॉन प्रर्कष्ण में एसडी कॉलेज अंबाला कैंट प्रथम और राजकीय महाविद्यालय कालका द्वितीय रहा। लाइट स्वर इंडियन में जीएमएन महाविद्यालय अंबाला कैंट प्रथम, एसडी कॉलेज अंबाला कैंट द्वितीय रहा। समूह सॉन्ग इंडियन प्रतियोगिता में एसडी कॉलेज अंबाला कैंट प्रथम और एसए जैन कॉलेज अंबाला शहर द्वितीय रहा। फोक इंस्ट्रूमेंट हरियाणवी सोलो में जीएमएन कॉलेज अंबाला कैंट प्रथम और एमपीएन कॉलेज मुलाना द्वितीय रहा।

इसी तरह समूह सॉन्ग हरियाणवी में राजकीय महाविद्यालय कालका प्रथम, एसडी कॉलेज अंबाला कैंट द्वितीय रहा। आर्केस्ट्रा हरियाणवी में राजकीय महाविद्यालय नारायणगढ़ प्रथम और एसडी कॉलेज अंबाला कैंट द्वितीय रहा। सोलो डांस हरियाणवी पुरुष में एसडी कॉलेज अंबाला कैंट प्रथम और एसए जैन कॉलेज अंबाला शहर द्वितीय रहा। रसिया हरियाणवी ग्रुप नृत्य में एसए जैन कॉलेज अंबाला शहर प्रथम और एसडी कॉलेज अंबाला कैंट द्वितीय रहा।

संस्कृत ड्रामा में एसए जैन कॉलेज अंबाला शहर प्रथम और जीएमएन कॉलेज अंबाला कैंट द्वितीय रहा। रिचूयल में राजकीय महाविद्यालय अंबाला कैंट प्रथम और जीएमएन कॉलेज अंबाला कैंट द्वितीय रहा। वाद-विवाद अंग्रेजी (पक्ष) में एसडी कॉलेज अंबाला कैंट प्रथम, राजकीय महाविद्यालय अंबाला कैंट द्वितीय रहा।

इसी तरह वाद-विवाद अंग्रेजी (विपक्ष) में एसडी कॉलेज अंबाला कैंट और एसए जैन कॉलेज अंबाला शहर द्वितीय रहा। कोलाज में एसडी कॉलेज अंबाला कैंट प्रथम और एसए जैन कॉलेज अंबाला शहर द्वितीय रहा। क्ले मॉडलिंग में राजकीय महाविद्यालय अंबाला कैंट प्रथम और एसडी कॉलेज अंबाला कैंट द्वितीय रहा। कार्टूनिंग में राजकीय महाविद्यालय अंबाला कैंट प्रथम और राजकीय महाविद्यालय सेक्टर-1 पंचकूला द्वितीय रहा।